तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



शनिचरी बाजार के पास व्यापारियों के लिए बनाए गए दुकानों का आवंटन अब तक नहीं हो सका।

## खबर संक्षेप

### नोवा प्लांट में पिघला आयरन गिरने से 4 कर्मचारी झुलसे

**बिलासपुर**। बीती रात नोवा प्लांट में काम करने के दौरान पिघला आयरन गिरने से 4 कर्मचारी झुलस गए। हादसे के बाद प्लांट के अंदर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में चारों कर्मचारी को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, अमेरी अखबरी स्थित नोवा प्लांट में 10 मार्च की रात कर्मचारी काम कर रहे थे। रात 1 बजे कर्मचारी पिघले आयरन को सांचा व लैडर में डाल रहे थे। इसी दौरान पिघला हुआ आयरन कर्मचारी नरेन्द्र कोसले भैसबोर्ड, चंद्रहंस भैसबोर्ड, धर्मवरी बिहार, विनय कुमार बिहार निवासी पर गिर गया, जिससे चारों कर्मचारी गंभीर रूप से जल गए। कर्मचारियों के जलने से प्लांट के अंदर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में प्लांट के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों के मदद से चारों झुलसे कर्मचारियों को प्लांट के टाटा पंच क्रमांक सीजी 10 व्हीयू, 4351 से बिलासपुर प्रताप चौक स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां चारों कर्मचारियों का इलाज चल रहा है।


### जीवनदीप समिति की बैठक 17 को

**बिलासपुर**। जिला चिकित्सालय के जीवनदीप समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 17 मार्च को शाम 5 बजे से मातृ एवं शिशु अस्पताल के तृतीय तल के सभाकक्ष में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

**मार्च में जलस्तर में भारी गिरावट : कलेक्टर ने कई बार अधिकारियों को चेताया**

# 30 से 50 फीट नीचे पहुंचा जलस्तर, अब वॉटर रिचार्ज की प्लानिंग कर रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बेधड़क ट्यूबवेल उत्खनन और गर्मी के धान की फसल की वजह से जिले में मार्च माह में ही जलस्तर 30 से 50 फीट नीचे जा पहुंचा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंप कनेक्शन सूख रहे हैं और नलकूप बंद होने के कगार में आ चुके हैं। ऐसे में पीएचई विभाग भरी गर्मी में वॉटर रिचार्ज की प्लानिंग में जुट गया है, लेकिन अधिकारियों को समझ नहीं आ रहा है कि गर्मी की शुरूआत में ही संकट छाया हुआ है, जिसके चलते मई-जून में हाहाकार मचना तय है।

अभी गर्मी की शुरूआत ही हुई है, लेकिन जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। तखतपुर और बिल्हा ब्लॉक में अभी से ही पानी का संकट मंडराने लगा है। जिला प्रशासन की ओर से पीएचई और जलसंसाधन विभाग को इस पर काम करने के लिए लगाया गया है लेकिन गर्मी आते ही हायतौबा मचाने से समस्या का समाधान मिलना मुश्किल हो रहा है। विभागों की कार्यप्रणाली से यह साबित हो रहा है कि 'प्यास लगने पर ही कुंआ खोदने' की आदत अधिकारियों की नहीं जा रही है। दरअसल तखतपुर और बिल्हा ब्लॉक के गांवों में भू जल स्तर 30 से 50 फीट नीचे जा रहा है, कई जगहों पर नलकूप बंद हो चुके हैं। वहीं बोर से मटमैला पानी आने लगा है। विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी मिल रही है। ऐसे में अब वॉटर रिचार्ज करने की प्लानिंग में अधिकारी जुट गए है। इसके लिए प्रशासन की ओर से धान की फसल के रकबे में कमी लाने की बात कही गई है, इसके लिए कृषि अधिकारी क्षेत्र का दौरा कर रिपोर्ट देंगें लेकिन इस कवायद से भू जल स्तर में सुधार मुश्किल ही है।

**गांवों में धड़ल्ले से ट्यूबवेल उत्खनन**

खास बात यह है कि नदियों से पानी पहुंचाने की योजना ठप पड़ चुकी है, ऐसे में गांव-गांव में धड़ल्ले से ट्यूबवेल खनन किया जा रहा है। पीने के पानी के लिए जहां नलकूप की व्यवस्था ही एक मात्र साधन थी, वहीं अब हर घर में बोर कराया जा रहा है। शहरीय इलाकों के अलावा गांव में भी खेतों में हर दिन बोर किया जा रहा है। जिससे भू जल स्तर तेजी से गिर रहा है। वहीं डबल फसल लेने और गर्मी के धान ने भी जलस्तर को नीचे पहुंचाने में मदद कर रही है।

**प्रयास किया जा रहा है**

अधिकारियों से इस बारे में चर्चा की गई है। तेजी से घट रहे जलस्तर में सुधार के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। वाटर रिचार्ज कर सुधार किया जा सकता है।

\- **अरूण भार्गव**, एसडीओ, पीएचई

## बढ़ने लगा तापमान, पंखे के बगौर चैन नहीं

**बिलासपुर**। प्रदेश में गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। तापमान में बढ़ोत्तरी सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। हालत यह है कि सुबह 10 बजे भी सूरज के सामने निकलने पर लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है। दोपहर होते-होते गर्मी अपने शबाब में पहुंच रही है।

- **सामान्य से 4 डिग्री अधिक पहुंचा न्यूनतम तापमान**

मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 2 से 3 डिग्री ज्यादा रह सकता है। हालांकि मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना फिलहाल नहीं जताई गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को दिन के समय धूप से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी जा रही है, ताकि गर्मी के प्रभाव से बचा जा सके। जिले में अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री अधिक जाते हुए 22 डिग्री पर जा पहुंचा है। जाहिर है इससे रात में भी गर्मी से राहत मिलना मुश्किल है लोगों को राहत के लिए कूलर और पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है।



**कोर्ट ने सिविल लाइन पुलिस को लगाई फटकार**

# हुक्काबार चलाने वालों को मुचलके पर थाने से छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले दिनों वसुंधरानगर के एक मकान में हुक्काबार चलाने वाले 3 युवकों को पकड़कर भारी मात्रा में हुक्का का सामान जब्त किया गया था। पुलिस ने कोटपा अधिनियम के तहत तीनों को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर छोड़ दिया। चालान पेश होने पर कोर्ट ने आरोपियों को थाने से छोड़ने पर नाराजगी जताते हुए सिविल लाइन पुलिस को जमकर फटकार लगाई है।

8 फरवरी 2026 को सिविल लाइन पुलिस ने वसुंधरा नगर एक मकान में दबिश देकर विकास ठाकुर जरहाभाठा, अरबाज खान मंगला आजाद चौक, रितेश विश्वकर्मा मसानगंज निवासी व तीन नाबालिगों को पकड़ा था। उनके पास से 6 हुक्का पार्ट, 8 कोयला कानो जेल, 7 चिलम, 1 कोल हीटर सहित अन्य सामान तब्त किया गया था। पुलिस ने कोटपा अधिनियम के तहत आरोपियों को गिरफ्तार मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया था। सिविल लाइन पुलिस के द्वारा उक्त मामले की चालान कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चालान का अवलोकन किया, मामले के विवेचक एएसआई विष्णु साहू कोर्ट में उपस्थित हुए। कोटपा एक्ट के आरोपियों को थाने से जमानत में छोड़ने का कारण पूछने पर विवेचक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कोर्ट ने आरोपियों को थाने से जमानत पर छोड़ने पर नाराजगी जताते हुए जमकर फटकार लगाई है। थाने में मनमनाने तरीके से काम पर अंकुश लगाने की हिदायत दी गई।



होटल की छत पर मिला हुक्का बार का सामान, मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### चाकूबाजों को नहीं पकड़ा हटाए गए एसआई

पिछले दिनों कोनी निवासी आदित्य श्रीवास स्व. लखीराम आडिटोरियम के पास युग मिश्रा, वेदांत गुप्ता, निखिल नागवानी एक अन्य साथी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। वहीं एक दिन पहले आरोपियों ने राजेन्द्र चौक में दो भाईयों के साथ मारपीट कर सोने की चेन लूट ली थी। उक्त मामले में पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी थी। सोमवार को आरोपी युग मिश्रा के पिता रत्तू मिश्रा ने जबड़ापारा निवासी कांग्रेस नेता महेश नारायण मिश्रा को जान से मारने की धमकी दी। श्री मिश्रा ने एसएसपी से शिकायत करते हुए सिविल लाइन थाने में रत्तू मिश्रा के बेटे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज होने और आरोपियों के नहीं पकड़े जाने की जानकारी दी। एसएसपी रजनेश सिंह ने विवेचक एसआई विष्णु यादव को तलब कर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं करने पर जमकर फटकार लगाई और उन्हें थाने से हटाकर रतनपुर थाना तबादला कर दिया है।

# रिहायशी इलाके में पटाखा गोदाम बनाकर बिक्री, दो पार्टनर गिरफ्तार, मुचलके पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने रिहायशी इलाके में पटाखा गोदाम बनाकर बिक्री करने वालों पर कार्रवाई है। विभिन्न प्रकार के पटाखा जब्त कर दो पार्टनरों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया गया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को शिकायत मिली कि रिहायशी इलाका न्यू चटर्जी गली निवासी संजय थदानी अपने घर में गोदाम बनाकर अत्यधिक मात्रा में विस्फोटक सामग्री पटाखा रखकर बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ संजय थदानी के घर तलाशी ली, वहीं एक कमरे में कार्टूनों में विभिन्न प्रकार के पटाखे मिले। पूछताछ में उसने बताया वह अपने पार्टनर कस्तूरबानगर निवासी रवि गिटवानी के साथ व्यापार कर रहा है। दोनों पार्टनर से पूछताछ कर नोटिस देकर पटाखा के दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। दोनों पटाखों के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9 बी के तहत संजय थदानी, रवि गिटवानी को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।






## खबर संक्षेप

### आनंद सागर सेवा प्रवाह ने किया सफाई मित्रों का सम्मान



**बिलासपुर।** आनंद सागर सेवा प्रवाह पंजीकृत संस्था ने सरकंडा सब्जी मंडी मुक्तिधाम के पास सफाई मित्रों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें संस्था की उपाध्यक्ष सुमिता दास गुप्ता ने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी। संस्था की संस्थापिका डॉ सुषमा पंड्या ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से लगातार स्वच्छता मित्रों, महिला कर्मचारियों के साथ समरसता होली का आयोजन किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुछ सफाई मित्रों ने अपने अनुभव साझा किए। शांति लकड़ा ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रचार मंत्री रश्मि श्रीवास, शिवली टंडन, पं. बाबूलाल पंड्या आदि मौजूद थे।

### स्थापना दिवस पर सीआरपीएफ के जवानों ने किया रक्तदान



**बिलासपुर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस पर ग्रुप केंद्र बिलासपुर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीआरपीएफ के डेढ़ सौ जवानों ने रक्तदान किया। शिविर के दौरान सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। सिम्स अस्पताल क्षेत्र का प्रमुख शासकीय स्वास्थ्य संस्थान है। रक्तदान से अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार महापात्र उप महानिरीक्षक चिकित्सा, मनोज कुमार कमांडेंट, नील कमल भारद्वाज उप कमांडेंट, अविजीत प्रभात सहायक कमांडेंट, विवेकानंद प्रसाद व शैलेन्द्र सिंह रिझोनिया सहायक कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में डॉ विराग जैन, डॉ नागेन्द्र साहू, डॉ प्रभाकर, डॉ अनिल सक्सेना सहित सिम्स बिलासपुर के स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर सिम्स अस्पताल, बिलासपुर के ब्लड सेंटर पैथोलॉजी विभाग तथा जन स्वास्थ्य गनियारी के सहयोग से संपन्न हुआ।

### गोष्ठी में कवियों ने किया काव्य पाठ लूटी दर्शकों की वाहवाही



**बिलासपुर।** कविता चौपाटी ने भव्य समारोह आयोजित किया। जिसमें राजेन्द्र मौर्य द्वारा रचित हिन्दुस्तान की रामलीला की समीक्षा द्वारिका वैष्णव वरिष्ठ साहित्यकार एवं डॉ गंगाधर पटेल वरिष्ठ व्यंग्यकार ने किया। वहीं आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ किया। श्री वैष्णव ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि समाज में घटित उन घटनाओं पर राजेन्द्र मौर्य ने कटाक्ष करने का साहस दिखाया है। जिससे आम रचनाकार किनारा काट लेते हैं। अच्छे हास्य व्यंगय की विशेषता यह है कि वह हास्य से प्रारंभ हो व्यंग्य से लोगों को कुरेदते हुए करूणा में जाकर उसका अंत हो। डॉ गंगाधर पटेल ने कहा कि श्री मौर्य की भाषा कटुमारक किन्तु बोधगम है। राजनीति व सामाजिक ताने-बाने को इन्होंने अपनी पुस्तक में बेबाक चित्रण किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केवल कृष्ण पाठक ने कहा कि अपनी पुस्तक की समीक्षा को सबके सामने स्वीकार करने का साहस बहुत कम साहित्यकार कर पाते है। उन्होंने जो भी लिखा उसे खरा ही लिखा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें आरती राय, राकेश अयोध्या, असरफी लाल सोनी, लेखनी जाधव, भरत मस्तूरिया, दुर्गा प्रसाद मेरसा, जलेश्वरी वस्त्रकार, धनेश्वरी सोनी, दिनेश राव जाधव, तथा महेतरू मधुकर ने काव्य पाठ किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय पाठक, भरत मस्ती कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश पाण्डेय एवं मधु मौर्य ने किया।

### धन गुरु दरबार में कीर्तन कर साध संगत को किया निहाल



**बिलासपुर।** ब्रह्मज्ञानी बाबा किशना सिंह की वार्षिक पुण्यतिथि एवं भाई मेहरबान सिंह साहब की मासिक वरसी पर महान कीर्तन दरबार का आयोजन धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिब दरबार में किया गया। इसमें नवसारी भाई सनी मूलचंदानी गुजरात, यंग मैन कल्याण एवं बबल भाई साहब ने सत्संग कर संगत को निहाल किया। सत्संग कीर्तन के पश्चात दरबार के प्रमुख भाई साहब मूलचंद नरवानी ने विश्व शांति के लिए अरदास की। कार्यक्रम में सुरेश वाधवानी, सोनू लालचंदनी, नरेश मेहरचंदानी, राजेंद्र पप्पू भाई, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, गंगाराम सुखीजा, विकास बजाज, अनीता नारवानी, प्राची सोनू लालचंदानी, वर्षा सुखिजा, मेघराज नारा, पार्षद कंचन वाधवानी, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, कशिश जैसवानी, अमृता लालचंदानी, ज्योति हिंदूजा, स्नेहा पमनानी, प्राची बजाज, बलराम रामानी, डॉ हुदलदास सोमनानी सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

**आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर** | पार्किंग की परेशानी को देखते हुए लिया गया निर्णय

# चालक प्रशिक्षण केन्द्र में ट्रांसफर होगा पीआरएस और यूटीएस




**बिलासपुर।** आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के पीआरएस कम यूटीएस में रिजर्वेशन कराने वाले लोगों की परेशानी को देखते हुए रेल प्रशासन ने एक बहुत बड़ा निर्णय लिया है, जिसके तहत अब पार्किंग एरिया से आगे और स्टेशन से लगे हुए आरक्षण कम अनारक्षित कार्यालय को चालक प्रशिक्षण केन्द्र में शिफ्ट किया जाएगा। इससे लोगों को भी काफी राहत मिलेगी।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जहां 392 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। वहीं उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को भी पुनर्विकास के लिए रेल प्रशासन ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन में शामिल करते हुए काम करना शुरु कर दिया है। उसलापुर रेलवे स्टेशन में बिलासपुर रेलवे स्टेशन से ज्यादा यात्री भी नजर आने लगे हैं। इसका कारण है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अफसरों ने गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर एक्सप्रेस का स्टापेंज उसलापुर स्टेशन में देना शुरु कर दिया है। यह सारी गाड़ियां अब बिलासपुर के बजाय डायरेक्ट दाधापारा से डायवर्ट होते हुए उसलापुर होकर कटनी की ओर रवाना हो रही हैं। वहीं बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-पेण्ड्रारोड लोकल, बिलासपुर-कटनी मेमू, बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-चिरमिरी पैसेंजर का भी स्टापेज उसलापुर स्टेशन में दिया जा रहा है। बिलासपुर के साथ उसलापुर स्टेशन में प्रतिदिन यात्रियों की संख्या 6 से 7 हजार के करीब हो चुकी है। ट्रेनों में सफर करने के लिए रेल प्रशासन ने बिलासपुर के साथ उसलापुर रेलवे स्टेशन में आरक्षण कम अनारक्षित कार्यालय की सुविधा देकर रखी है। वर्तमान में यात्रियों की संख्या के हिसाब से आदर्श स्टेशन के कार्यालय में काउंटर की संख्या काफी कम है। वहीं वर्तमान में तहसील कार्यालय के आरक्षण कार्यालय में ताला लगने के बाद उसलापुर के आरक्षण कार्यालय में लोगों की काफी भीड़ हो चुकी है।

#### दूसरी ओर केवल अनारक्षित काउंटर

आदर्श रेलवे स्टेशन के बुकिंग कार्यालय को पार्किंग बेरियर से पहले यानि चालक परिचालक प्रशिक्षण केन्द्र के पास शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया है। इस स्टेशन के पास सकरी तक कई बड़ी कालोनियां भी हैं। वहीं मंगला, नर्मदा नगर, कुदुदंड सहित आसपास रहने वाले लोगों को बिलासपुर स्टेशन तक और उसलापुर ओवरब्रिज के सेकेंड ओर रहने वाले लोगों को ब्रिज पार करने में दिक्कत होती है। इसके कारण स्टेशन के सेकेंड एंट्री की ओर टिकिट काउंटर के लिए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जहां कुछ दिन बाद केवल अनारक्षित टिकिट की सुविधा लोगों को मिलेगी।

#### योजना में शामिल

उसलापुर रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत काम किया जा रहा है, तो काफी हद तक पूरा भी हो गया है। यहां की व्यवस्था पहले से काफी सुधर चुकी है। आरक्षण और अनारक्षित कार्यालय को भी दूसरी जगह शिफ्ट करने की योजना है, जिसपर जल्द ही काम शुरु होगा।

**- अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

आर्य समाज में शादी को मान्यता नहीं: किरणमयी

## राज्य महिला आयोग के पास 65 फीसदी लव-मैरिज टूटने के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मामले की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि महिला आयोग के पास 65 फीसदी मामले लव-मैरिज टूटने के आ रहे हैं, जबकि अरेंज मैरिज संबंधी ज्यादतर मामलों में दोनों पक्षों के बीच सेटलमेंट हो जाता है। उन्होंने बताया कि आर्य समाज में होने वाली शादी को वैधानिक मान्यता नहीं है।

बिलासपुर में महिला आयोग की महा जनसुनवाई के पश्चात प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया कि महिलाओं को जल्द न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य महिला आयोग लगातार जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बिलासपुर में संभाग स्तरीय महा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। धर्मांतरण और कम उम्र में शादी के प्रश्न पर महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी ने बताया कि इन दिनों महिला आयोग के पास सबसे ज्यादा शिकायतें लव-मैरिज से जुड़े विवादों की आ रही हैं। कई मामलों में देखा गया है कि लव मैरिज के तीन-चार महिने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो जाता है और वे अलग रहने की शिकायत लेकर आयोग तक पहुंचते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में आने वाले कुल मामलों में लगभग 65 फीसदी प्रकरण लव मैरिज से संबंधित है जो लव मैरिज के बाद उत्पन्न हुए विवादों से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि आर्य समाज में होने वाली शादियों को वैधानिक मान्यता नहीं दी जाती। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है। महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती नायक ने बताया कि आज संभाग स्तरीय जनसुनवाई में कुल 159 मामलों की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया।

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेशनल कमीशन फॉर वूमेंस के निर्देश पर 8 से 13 मार्च तक पूरे प्रदेश में महा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिला आयोग का उद्देश्य जल्द से जल्द सुनकर उनका समाधान करना है ताकि पीड़ित महिलाओं को न्याय मिल सके।

### अनुकंपा नियुक्ति में गड़बड़ी के आरोप, जांच के आदेश

**बिलासपुर।** शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के नाम पर चल रहे कथित खेल की जांच ज्वाइंट डायरेक्टर आफिस से शुरू हो गई है। मामले में 12 से अधिक नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। मामले में स्थापना शाखा के एक क्लर्क और जिला शिक्षा अधिकारी के मिलीभगत के भी आरोप लग रहे है। जिला शिक्षा विभाग में एक दर्जन से अधिक अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। गौरतलब है कि इस मामले में पहले भी केंद्रीय मंत्री तोखन साहू द्वारा कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के आदेश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने स्तर पर जांच के निर्देश जारी किए थे, लेकिन उस जांच प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

मामले में कांग्रेस नेता अंकित गौरहा ने भी आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। 10 लाख रुपए देकर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। इसमें दस्तावेजों सहित बताया गया है कि एक कर्मचारी की नियुक्ति 5 साल पहले 30 जून 2020 को हुई थी। उसके बाद से कोई आवेदन या कार्रवाई नहीं हुई। अचानक पांच साल बाद फर्जी तरीके से लेन-देन कर 19 दिसंबर 2025 को भृत्य के पद पर द्वितीय पत्नि के पुत्र यश साहू को (शास.उ.मा.शा.सिरगिट्टी) में नियुक्त कर दिया गया। इसी तरह संजय बघेल जो कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर में कनिष्ठ लेखा परीक्षक था कि नियुक्ति अधिकारियों से मिलीभगत एवं लेन-देन कर की गई जबकि संजय बघेल के भाई पहले से शासकीय सेवा में है। शिक्षा विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आरपी आदित्य ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर जांच की जा रही है। ज्वाइंट डायरेक्टर आफिस से अलग से जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई जरूर होगी।

## 6-जी कम्यूनिकेशन तकनीक पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन विभाग द्वारा, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद सीजीसीओएसटी द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए।

इस सेमिनार में 6 - जी कम्यूनिकेशन के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग तथा मेटा मटेरियल आधारित वायरलेस तकनीक के बारे में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए, जिसमें राज्य के विभिन्न तकनीकी संस्थानों से कुल 30 प्राध्यापकों एवं रिसर्च स्कॉलर्स ने भाग लिया। आज कार्यक्रम के दूसरे व अंतिम दिन के प्रथम सत्र में विशेषज्ञों के रूप में डॉ. निपुण मिश्रा सह प्राध्यापक जीजीवी बिलासपुर उपस्थित थे। उन्होंने वायरलेस कम्यूनिकेशन में मेटा मटेरिअल के उपयोग विषय पर व्याख्यान देते हुए वायरलेस संचार प्रणालियों में मेटा मटेरियल आधारित एंटीना संरचनाओं की उपयोगिता एवं उनके विभिन्न अनुप्रयोगों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात द्वितीय सत्र के व्याख्यान में उन्होंने 5 जी कम्यूनिकेशन में एंटीना संरचना कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई एवं मशीन लर्निंग एमएल तकनीकों के उपयोगिता के बारे में बताये हुए कहा कि ये तकनीकें भविष्य में 5 जी एवं 6 जी संचार प्रणालियों को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

कार्यक्रम के तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रूचि त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक जीजीवी बिलासपुर उपस्थित रहीं। अपने व्याख्यानों में उन्होंने 6 जी संचार प्रणालियों में मशीन लर्निंग आधारित फिजिकल लेयर तकनीकों की संभावनाओं एवं उनके उपयोग पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उन्होंने भविष्य की 6 जी तकनीकों के मानकीकरण अनुसंधान की दिशा एवं संभावित अनुप्रयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में पैनल चर्चा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने 6 जी संचार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत एंटीना तकनीक एवं मेटामटेरियल आधारित वायरलेस प्रणालियों के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने भी चर्चा में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के डीन अकादमिक डॉ. जीके अग्रवाल तथा सिविल एवं ईटीएंडटी विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा चौहान द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## लैंगिक समानता के लिए व्यवहारिक कदम जरूरी

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि लैंगिक समानता के लिए छोटे - छोटे व्यवहारिक कदम उठाना आवश्यक है।

■ **शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम**



#### व्यवहार में नहीं है समानता का अधिकार

द्वितीय सत्र में कौशल्या साहू डिप्टी एसपी बेमेतरा ने कहा कि संविधान में समानता का अधिकार तो है किंतु व्यवहार में नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंसा केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि भावनात्मक भी होती है। कार्य क्षेत्र में लैंगिक समानता की ओर कदम बढ़ रहे हैं। उन्होंने लैंगिक समानता लागू करने कई व्यवहारिक उपाय सुझाए।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ सिंहा ने स्वागत उद्बोधन दिया। डॉ आरती सिंह, डॉ शोभा महिश्वर, डॉ बेला महंत, डॉ ईशा बेला लकड़ा ने वक्ताओं का परिचय दिया। प्रोग्राम के तृतीय दिवस डॉ अंजू शुक्ला प्राचार्य डीपी विप्र महाविद्यालय ने कहा कि वैदिक एवं पौराणिक काल में भारत में नारी की शक्ति रूप में उपासना की जाती थी। पौराणिक काल में लोपामुद्रा एवं तिलोत्तमा आदि विदुषी महिलाओं का उल्लेख किया गया है। औद्योगिकीकरण के समय जब महिलाओं ने मजदूरी का काम किया एवं कम मजदूरी पर कार्य करना स्वीकार किया वहीं से महिलाओं की भूमिका कमतर होती गई। डॉ अमिता एसोसिएट प्रोफेसर श्रीनगर ने कहा कि वर्तमान में कुछ फिल्मों में नारी विमर्श की बातें की गई है। थर्ड जेंडर के स्वरूप व उनकी पीड़ा को प्रस्तुत किया गया। मीडिया एवं शैक्षिक संस्थान लैंगिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण दायित्व निभा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपिका महोबिया व डॉ सुरेश पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक शुक्ला, डॉ ललिता साहू ने किया। डॉ अनूपा तिर्की, डॉ बेला महंत एवं डॉ वंदना राठौर ने सभी वक्ताओं के व्याख्यान का सार प्रस्तुत किया।

### ऑफिसर्स एसोसिएशन के ओमी अध्यक्ष गजानन मंडल सचिव

**बिलासपुर।** आल इंडिया पीएनबी आफिसर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष ओमी वर्मा, मंडल सचिव गजानन राठौड़, कोषाध्यक्ष अवनीश पाण्डेय, सहसचिव अमित कुमार सहित अनेकों कार्यकारिणी सदस्यों की एकतरफा विजय से पंजाब नेशनल बैंक बिलासपुर मंडल के अधिकारियों में हर्ष है।





ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के चेयरमेन ललित अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेन्द्र चावड़ा, सचिव रूप रतन सिंह, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, रविशंकर पटनायक, पार्थो घोष ने गजानन राठौड़ की टीम को शानदार विजय के लिए बधाई देते हुए बैंक व सदस्यों के हित में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया हैं। श्री राठौड़ ने राष्ट्रीय महासचिव दिलीप साहा के साथ मिलकर बिलासपुर मंडल के सदस्यों के हितों को पूर्ण करने में अपना सर्वस्व प्रयास करने का संकल्प लिया।

### जयपुर में डा. मढ़रिया देंगे व्याख्यान

**बिलासपुर।** जयपुर पिंक सिटी में नेत्र विशेषज्ञों का 84 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 12 मार्च 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।



बिलासपुर आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डा. एलसी मढ़रिया नेत्र रोगों पर अपना व्याख्यान देंगे। इस सम्मेलन में देश व विदेश से लगभग 8 हजार नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मढ़रिया का मोतियाबिंद के एडवांस फेको आपरेशन व एकाइन के अंधत्व विवारण विषय पर व्याख्यान देंगे। ज्ञात हो कि इस सम्मेलन में विदेश से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ व हमारे देश के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डायबिटीज के कांच बिंद के पर्दे की बीमारी, बच्चों के अंधत्व निवारण के विषय में शोध पत्र और व्याख्यान देंगे। जो भारत में अंधत्व निवारण कार्यक्रम में मिल का पत्थर साबित होगा। आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर को रेटीना स्पेशलिस्ट डा. ऐश्वर्य मढ़िरया भी विभिन्न नेत्र विशेषज्ञों के ट्रेनिंग प्रोग्राम में ट्रेनिंग देंगे और सम्मेलन में भाग लेंगे।

## जेपी वर्मा कॉलेज के खिलाड़ियों का नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शासकीय जे.पी. वर्मा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने खेल क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के 6 खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया नेटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

चयनित खिलाड़ियों में सौम्य संतवानी, हर्ष सिंह ठाकुर, सूर्यप्रकाश रजक, आशीष कुर्रे, स्वप्निल सोनी तथा विवेक लोधी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया नेटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व आयोजित ऑल इंडिया नेटबॉल महिला वर्ग प्रतियोगिता में भी इस महाविद्यालय की पाँच छात्राओं का चयन हुआ था। इनमें शारदा, हिमांशी साहू, कामिनी रजक, तारिणी वर्मा तथा अंजू शामिल थीं, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर से ऑल इंडिया नेट बाल महिला वर्ग प्रतियोगिता (आयोजन स्थल विजयवाड़ा) में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएल निराला ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं निरंतर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं।

## नई शिक्षा नीति के चक्रव्यूह में फंसे अतिथि व्याख्याता

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग में नई शिक्षा नीति के लागू होने के साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था में बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं। वार्षिक परीक्षाओं के समापन और सेमेस्टर प्रणाली की शुरुआत के बीच आंतरिक मूल्यांकन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

इस चमक-धमक वाली नीति के पीछे राज्य का 'बौद्धिक स्तंभ' यानी अतिथि व्याख्याता मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के दौर से गुजर रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट सिस्टम और आंतरिक मूल्यांकन के नाम पर कार्यभार में अत्यधिक वृद्धि हुई है। नियमानुसार आंतरिक मूल्यांकन के अतिरिक्त कार्य का भुगतान होना चाहिए, किंतु विडंबना यह है कि इस दौरान लगने वाले पीरियड का कोई हिसाब नहीं रखा जा रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 50,000 रुपए की राशि भी धरातल पर एक मृगतृष्णा साबित हो रही है। इस महंगाई के दौर में जब व्याख्याताओं को दूर-दराज के क्षेत्रों से कॉलेज पहुंचना होता है, उनका 'पॉकेट खर्च' निकालना भी दूभर हो गया है। कॉलेजों में प्रशासनिक पारदर्शिता का अभाव अतिथि व्याख्याताओं के लिए अभिशाप बन गया है। जहां प्राचार्य संवेदनशील हैं, वहां पीरियड के आधार पर भुगतान हो रहा है, किंतु कई महाविद्यालयों में प्राचार्यों द्वारा 'घंटों' के हिसाब से भुगतान कर व्याख्याताओं को टॉर्चर किया जा रहा है। कई संस्थानों में प्राचार्य स्वयं निर्णय लेने के बजाय कॉलेज के कुछ 'बदमाश' प्रवृत्ति के स्थायी प्राध्यापकों या अकाउंटेंट के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। आरोप है कि जिन प्रभावशाली शिक्षकों के पास शैक्षणिक कार्य शून्य है, वे दिनभर केवल अतिथि व्याख्याताओं की निगरानी में लगे रहते हैं।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



महिला दिवस पर महिलाओं का किया गया सम्मान

# सफलता का कोई शार्टकट नहीं, व्यापार बढ़ाने के लिए सीखना जरूरी : डॉ. पाटनी

व्यापार में सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है, व्यापार बढ़ाने के लिए हर दिन सीखना जरूरी है। छोटी-छोटी आदतों को बदलकर कोई भी व्यक्ति बड़ा व्यापारी बन सकता है। फंड, जमीन, नीतियां यह व्यापार चलाने में समस्या नहीं है, अगर कोई दूसरा व्यक्ति सफल व्यापारी बन सकता है तो अपने व्यापार का सही हल खोज हर व्यक्ति एक बेहतर उद्यमी बनकर दिखा सकता है। यह कहना है प्रख्यात बिजनेस कोच और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ उज्जव पाटनी का।



महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. उज्जवल पाटनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे द्वारा महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए प्रख्यात बिजनेस कोच और अंतर्राष्ट्रीय लेखक डॉ. उज्जवल पाटनी ने अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान रेलवे के अधिकारियों के साथ उन्होंने मोटिवेशनल सेशन में हिस्सा लिया और व्यापार के लिए सफलता के गुर सिखाए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इंटरनेट में बहुत से इंफ्लुएंसर हैं, लेकिन एक व्यापारी को व्यापार से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए सही माध्यम को चुनना पड़ता है, वह दिन में कितने घंटे सोशल मीडिया में गुजार रहा है और उससे कितना सीख रहा है, यह बहुत मायने रखता है। सफलता का कोई शार्टकट तरीका कभी नहीं रहा है, व्यापारी तकनीक सीखकर समय का प्रबंधन कर सकता है, लेकिन बड़ी सफलता के लिए कोई शार्टकट मिल जाए, ऐसा नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि लघु एवं मध्यम व्यापारी छोटा व बड़ा काम स्वंय ही करने में जुट जाता है, जबकि उसे व्यापार को बेहतर बनाने की दिशा में काम कराना चाहिए और अपनी टीम को सीखने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने में काम करना चाहिए। अगर टीम अच्छा काम करेगी, तो स्वभाविक है कि व्यापार भी बढ़ेगा।



## ट्रेनिंग, प्रोडक्टिविटी और मार्केटिंग में पीछे

डा. पाटनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्माल और मीडियम व्यापार या उद्योगों में सबसे बड़ी कमजोरी ट्रेनिंग, प्रोडक्टिविटी और मार्केटिंग में पीछे होना है। रायपुर इस मामले में प्रोग्रेसिव एटिट्यूड के साथ आगे बढ़ रहा है, जबकि बिलासपुर पीछे रह जाता है। उन्होंने कहा कि यहां का व्यापारी सीखने में समय और धन दोनों इन्वेंट नहीं कर रहा है। प्रोडक्टिविटी बढ़ाना है तो समय और धन दोनों ही खर्च करने होंगे। छोटा व बड़ा व्यापारी हर काम स्वयं करने में लगा रहता है, जबकि उसे ज्यादातर समय व्यापार को बढ़ाने के लिए काम करने की जरूरत है। दुकान में बैठने व व्यापार करने में अंतर समझने की जरूरत है। एक व्यापारी हमेशा नीति बनाने, नया सीखने, तकनीक का उपयोग करने, बाजार एनालिसिस करने में अपना समय और धन लगाता है। अगर व्यापारी यह सब नहीं करता तो वह बड़ा व्यापारी नहीं बन सकता है। हर व्यापारी को साल के 7 दिन अपने बिजनेस के लिए नए आइडिया लाने इंफ्लुएशन, कोच की ट्रेनिंग सेशन का हिस्सा बनाना चाहिए।

## दो स्ट्रेटजी करें फॉलो

डॉ. पाटनी ने कहा कि हम अपने बिजनेस कोचिंग के दौरान लोगों को ओजी-ओडी यानी वन गोल, वन डे का कांसेप्ट देते हैं। उन्होंने कहा कि यह हेबिट कोचिंग की तरह ही है। हर आदमी को हर दिन एक गोल लेना चाहिए, जिसकी वेलिडिटी महज एक दिन की है। जैसे रोजाना एक घंटा कुछ नया सीखना, प्रोडक्ट का एनालिसिस करना, 10 कस्टमर से बात करना, बिजनेस कोच के आइडिया पर अमल करना आदि। अगर कोई इसे फालो कर रहा है तो यकीनन 365 दिनों में व्यापार में चमत्कार होना तय है। आगे उन्होंने कहा कि भाषा को जिंदा करना जरूरी हो चुका है, यानी नेगिटिविटी के साथ बात करना बंद किया जाना चाहिए, हमेशा की सकारात्मक बोलना बेहतर है। देश, दुनिया, व्यापार, व्यक्तित्व सभी के लिए अच्छा बोलना जरूरी है। इसे इस तरह से समझना चाहिए कि किन्हीं 3 लोगों की तारीफ करिए, साल भर आप रोजाना की आदत बना लें, देखने में यही आएगा की यही आपके ब्रॉड एम्बेस्डर बन चुके हैं।

# प्रत्येक महिला को सम्मानजनक कार्य वातावरण सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए : रेलवे जीएम



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय स्थित न्यू ऑडिटोरियम में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी शर्मा थीं। अतिथि वक्ता उज्ज्वल पाटनी ने महिलाओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 27 महिला रेलकर्मियों को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, विशिष्ट अतिथि संगठन (सेक्रो) अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

महाप्रबंधक श्री प्रकाश ने कहा कि प्रत्येक महिला को शिक्षा, अवसर, सम्मानजनक कार्य वातावरण तथा सुरक्षित माहौल प्राप्त होना चाहिए। महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल जैसे विशाल सार्वजनिक संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। आज महिलाएँ लोको पायलट, गार्ड, इंजीनियर, टीटीई, ट्रैक मेंटेनर, आरपीएफ तथा स्टेशन प्रबंधन जैसे विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं और भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसर वाला वातावरण विकसित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बेहतर सुविधाएँ, मातृत्व से संबंधित प्रावधान, बच्चों की देखभाल के लिए सहयोग, प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र और नेतृत्व के अवसर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर आदित्य कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, डॉ. दर्शनीता बी. अहलूवालिया, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित थे।

# समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय "राइट, जस्टिस एंड एक्शन फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स" रखा गया, जिसमें चार दिनों तक विभिन्न विद्वान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, समानता, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडे रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष तथा सम-कुलपति डॉ जयति चटर्जी ने की। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय कार्यशाला में छात्राओं एवं महिलाओं ने अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुति दी। साथ ही शिक्षा, अधिकार, नेतृत्व और सामाजिक भागीदारी जैसे विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि छात्राओं को सुरक्षित, समान और प्रेरणादायी वातावरण मिले, जहां वे शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व और नवाचार की दिशा में भी आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है और यह लगातार बढ़ती जा रही है आज महिलाएं घर समाज के साथ पूरे देश में बराबरी के साथ खड़ी हैं। सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक विषय नहीं बल्कि विकास की आधारशिला है। जब महिलाएँ शिक्षित, जागरूक और आत्मविश्वासी होती हैं तो पूरा समाज मजबूत बनता है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनने के लिए प्रेरित किया।

## डॉ सीवी रमन विवि में महिला दिवस पर चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला




### हर दिन समानता और समता का होना चाहिए : हर्षिता

मुख्य अतिथि हर्षिता पांडे ने कहा कि महिलाओं को केवल अधिकारों की जानकारी ही नहीं, बल्कि उन्हें लागू कराने की क्षमता भी विकसित करनी होगी। शिक्षा और जागरूकता से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवतियों को आत्मनिर्भर बनने और नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर दिन समानता और समता का होना चाहिए।

## वीरांगना फाउंडेशन का रंगोत्सव




अंतराष्ट्रीय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से महिला दिवस के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने रंगों के साथ-साथ अपने अधिकारों और सशक्तिकरण की बात भी की। वहीं महिला सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर कई कार्यक्रमों में महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके योगदान को सराहा गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी संध्या सिंह, प्रदेश महामंत्री माया सिंह, जिला अध्यक्ष वर्षा सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष गीता सिंह एवं मुख्य अतिथि सीमा सिंह, नेहा सिंह, लीना सिंह का वीरांगना फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अर्चना सिंह, अनुपमा सिंह, राखी सिंह, पिंकी सिंह, ज्योति परिहार, लिली,चंदा संयुक्ता सिंह, शशि सिंह, शिवानी सिंह आदि का सहयोग रहा।

## अखंड ब्राह्मण समाज ने किया बहनों को सम्मानित





प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन बहनों और बेटियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने घर परिवार की जिम्मेदारियों के साथ साथ शासकीय सेवा में उच्च स्थान पर कार्यरत हैं। सभी जगहों से ऐसी बहन बेटियां, माताएं आईं थीं। बिलासपुर, कोरबा दुर्ग, भिलाई और भी अन्य स्थान से उन्हें सभी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर मीनल चौबे और पूर्व योग आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा थे। बिलासपुर से वंदना तिवारी, मंजू पांडेय को सम्मानित किया गया है। साथ ही होली मिलन में फूलों की होली खेली गई और गीत संगीत का भी भरपूर आनंद लिया गया।

## गुलदस्ता फाउंडेशन का होली मिलन



गुलदस्ता फाउंडेशन एवं लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा महिला दिवस और होली समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर गीतिका शर्मा थी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आराधना दास, अर्चना तिवारी, आरती साहू, अर्चना गोस्वामी रही। इस अवसर पर कविता भट्ट, साक्षी केनार, स्वाति शर्मा, शर्मिला चावडा, अर्चना गोस्वामी, डॉ सुमन आर्य, लक्ष्मी सिन्हा ने गीत गायन की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि गीतीका शर्मा ने कहा कि महिलाओं का संघर्ष तो मां के पेट में ही शुरू हो जाता है। डॉक्टर आराधना दास ने महिलाओं को अपनी हेल्थ से रिलेटेड जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मजेदार मनोरंजन गेम करवाए गए जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रीति अग्रवाल द्वितीय प्रतिमा केशरवानी तृतीय वंदना बाजपेई चतुर्थ आरती साहू को दिया गया। पंक्चुअलिटी का प्राइस ललिता कश्यप, निधि बेहार को दिया गया। होजी में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। होली के विभिन्न गीत पर नृत्य किया फूलों की होली खेली गई। डॉक्टर गीतिका शर्मा एवं डॉ आराधना दास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अर्चना तिवारी आरती साहू अर्चना गोस्वामी को मोमेंटो अंगरक्षा एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## अभिमान मनुष्य को दूर कर देता है ईश्वर से



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकिशोर नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज शिव अनुराग भवन में आयोजित एक आध्यात्मिक समारोह में हरियाणा से आईं यशवंती दुहन ने बच्चों और युवाओं को संस्कारवान बनने की प्रेरणा दी और कहा कि जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए, क्योंकि अभिमान मनुष्य को ईश्वर से दूर कर देता है।

यशवंती दुहन ने कहा कि उन्होंने समझाया कि किसी को अपशब्द कहना या क्रोध करना आत्मिक उन्नति में सबसे बड़ा बाधक है। आज के भौतिकवादी युग में भी बच्चे अपने माता-पिता को भगवान के बाद दूसरा स्थान देते हैं। यह ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1981 में ईश्वरीय ज्ञान से जुड़ने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने अपने घर में गीता पाठशाला प्रारंभ कर दी थी।

### मां ही बनाती हैं बच्चों को संस्कारवान

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने यशवंती माताजी का सम्मान करते हुए उन्हें शेरनी शक्ति की संज्ञा दी और कहा कि जब नारी अपने श्रेष्ठ आचरण और संस्कारों से जीवन जीती है, तब वह समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है। मां ही वह शक्ति है जो अपने बच्चों को संस्कारवान और शक्तिशाली बनाती है। अंत में समाज की ऐसी महिलाओं का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने परिवार को श्रेष्ठ संस्कारों के साथ आगे बढ़ाया है। इसमें टिकरापारा निवासी जया कुमारी ने सब्जी बेचकर अपने तीन बच्चों की परवरिश की। शनिचरी की सरोजनी माता ने भी इस व्यवसाय से घर को स्थिरता दी है।

## रामसेतु में हनुमान चालीसा व राम स्तुति का पाठ



कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा ने इस माह के पहले मंगलवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा महापाठ व राम स्तुति का पाठ कर महाआरती की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रति माह के पहले मंगलवार को बड़े उत्साह व श्रद्धा से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। हर आयोजन में हनुमान भक्त काफी उत्साह से भाग लेते हैं। इसी क्रम में माह मार्च के पहले मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा महापाठ व रामस्तुति का पाठ कर महाआरती की गई। इससे पहले अंजनी पुत्र हनुमान की विशेष पूजा की गई। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा व प्रसाद वितरण कार्य में समिति के सभी सदस्यों सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों का सहयोग रहा। आज के कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि एक रिक्शा चालक जिसके रिक्शे को होली के दौरान असामाजिक तत्वों ने जला दिया था, को नया रिक्शा व 10 हजार रूपए प्रदान किया गया। श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा के प्रयास से समिति के सदस्य एम.संतोष ने 20 हजार रुपए की राशि नए रिक्शा के लिए दी है। वहीं पीड़ित रिक्शा चालक के लिए अलग से 10 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग राशि एकत्रित की गई थी।

## श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा पर निकलेगी कलश यात्रा



### लोक नृत्य की होगी प्रस्तुति, 20 से अधिक जगहों पर होगा स्वागत

बिलासपुर। व्यंकटेश मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव मनाने व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। तैयारी को लेकर हुई बैठक में बताया गया कि महिलाएं 108 कलश लिए शामिल होंगी। पंथी, करमा, सुआ, ददरिया नृत्य की रास्ते भर प्रस्तुति दी जाती रहेगी। भजन मंडलियों द्वारा भजनों का गायन किया जाएगा। 20 से अधिक जगहों पर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।

इसी माह के 27 तारीख को व्यंकटेश मंदिर से 53वें वर्ष शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर मंदिर में हर रविवार को सेवादारों की बैठक हो रही हैं। इस रविवार को आयोजित बैठक में तय किया गया कि शहर के सभी मंदिरों के लोग शोभायात्रा में भाग लेंगे। साथ ही सभी समाज वाले अपने आराध्य, अपनी पहचान, संस्कृति, बैनर लेकर अपनी सहभागिता निभाएंगे। इसके तहत यादव समाज रावत नाच की वेशभूषा, सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा व पंथी नृत्य, पंजाबी समाज गुरु गोविंद सिंह की झांकी व समाज का बैनर, सिंधी समाज भगवान झूलेलाल की प्रतिमा लेकर शामिल होंगे।

### नारी शक्ति की सहभागिता बढ़ाने पर बल

बैठक में महोत्सव में नारी शक्ति की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इसके लिए शहर के अन्य समाजों से मंदिर समिति के लोग संपर्क कर रहे हैं। ब्यंकटेश मंदिर में पहले रामनवमीं पर भगवान की पूजा-अर्चना और भंडारा होता था।

### हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ


शोभायात्रा के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की जाएगी। लोगों से चौक-चौराहों पर दीपक जलाने का आग्रह किया जाएगा। शोभायात्रा सदर बाजार, गोल बाजार, गांधी चौक, शिव टॉकीज, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, पुलिस ग्राउंड, लखीराम ऑडिटोरियम होते हुए पुनः मंदिर पहुंच कर समाप्त होगी।

## ब्राम्हण समाज की बैठक में व्रतबंध पर चर्चा



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र की विशेष बैठक परशुराम सामुदायिक भवन नगोई में आयोजित की गई। इसमें सामूहिक व्रतबंध को लेकर चर्चा की गई एवं विप्र बटुकों के नामों का पंजीयन किया गया। जिसमें अलग-अलग सात नाम दर्ज हुआ।

बैठक में बताया गया कि 28, 29 मार्च को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में अंचल के ब्राम्हण समाज के लोग इकट्ठे होंगे। आवासीय सम्मेलन होने के कारण विभिन्न कार्यों के अलग अलग, समितियों का गठन कर कार्य विभाजन किया गया है। इस अवसर पर वैवाहिक चर्चा का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। विप्र बटुकों के नामों का पंजीकरण 20 मार्च तक करा सकते हैं। बैठक में जगदीश गुरुद्वान नगोई, कुशल शर्मा खैरा, अश्वनी पांडेय भरारी, परमेश्वर तिवारी सेलर, विरेन्द्र गौरहा उरतुम, योगेश्वर दुबे लखराम, सतीश तिवारी सेलर, राजेन्द्र तिवारी गिधौरी, मदन मोहन पांडेय कोनी, विकास शास्त्री बैमा, दुर्गाशंकर तिवारी पौंसरा, अरूण चौबे जलसो, भागवत तिवारी सेलर, लक्ष्मी तिवारी सिंघरी, चंद्रिका प्रसाद तिवारी सेलर, प्रदीप शास्त्री नगोई, जगदीश जोशी नगोई, राकेश गौरहा सेमरताल, अवधेश शर्मा जलसो सहित अन्य विप्रजन उपस्थित थे। आगामी बैठक 14 मार्च शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे से शास्त्री कृषि फार्म मां महामाया धाम नगोई में होगी ।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। सनी देओल ने बातचीत में फिल्म के टाइटल के बदलाव की बात कही थी। उन्होंने 14 फरवरी को कहा था, 'मेरी कई फिल्में आने वाली हैं।

# गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।



# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...

**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है।

अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है।

ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से अधिकऊर्जावान क्रू, असिस्टेंट्स और शानदार सह-कलाकारों का इस मस्ती और शानदार सफर के लिए धन्यवाद।'

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं। जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी।

विश्वसनीय छत्तीसगढ़
**कार्यालय नगरपालिका परिषद तखतपुर जिला- बिलासपुर छ.ग.**
ब्लाक कालोनी तखतपुर (छ.ग.) पिन - 495330
क्र. 1183/रा.शा./न.पा./ 2025-26
तखतपुर, दिनांक 9.3.2026

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सीमा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित भूमि/भवन का हक हस्तांतरण नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 अन्तर्गत किया जाना है।

जिसके आवेदक श्रीमती कृष्णा देवी पति स्व. मूलचंद अग्रवाल साकिन वार्ड क्र. 06 मुसलमानपारा तखतपुर के द्वारा अपनी भूमि/भवन/मकान को आपसी पारिवारिक बटवारा के तहत वार्ड क्र. 09 मेनरोड बजरंग नगर में स्थित अपने भूमि/मकान निकाय के डिमांड पंजी में दर्ज सरल क्र. 09/13 (TTP003113) को बटवारा में अपने पुत्र श्री मोहन अग्रवाल पिता स्व. मूलचंद अग्रवाल को दिया गया है, जिसे नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण किया जाना है, जिसके लिए आम ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर आपत्ति हो वे समयावधि में कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर राजस्व शाखा में प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तखतपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार (1) राजेश पटेल उम्र 40 वर्ष (2) नवीन पटेल उम्र 42 वर्ष दोनों पिता हरि भाई पटेल निवासी वार्ड नं. 1 शुभम विहार महर्षि स्कूल के पास बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा सेंदरी प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोनी में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 954 रकबा 31 डिसमिल उक्त भूमि को रामेश्वर खांडे उम्र 51 वर्ष पिता राम खिलावन खांडे निवासी सेंदरी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर से क्रय करने का पक्का सौदा किया है, जो कि निकट भविष्य में रजिस्ट्री की जानी है।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्ध शासकीय व अन्य किसी को आपत्ति/ दावा हो तो मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के समाप्ति पश्चात की गई आपत्ति व दावा मान्य नहीं होगा। सो सूचना जानें!
दिनांक 10.03.2026

**भवदीय**
**डी. के. बधोलिया**
**अधिवक्ता**
**ऑफिस - साकेत इंक्लेव मंगला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 7000956139**

**Public Notice**

This is to inform general public that Suraj Kumar Karsh S/o Late Ramanand Karsh R/o Khamtarai Bilaspur Tehsil Bilaspur Dist Bilaspur C.G. is having ownership over the LIG 310, Area 899.75 Sq.ft, constructed on part of khasra no 76/3, 73 Vill Mangla, P.H.No 21/35, RNM Bilaspur Vikaskhand Bilha, Tehsil Bilaspur Dist Bilaspur C.G (Pandit Deendayal Aawas Yojna Mangla) and Suraj Kumar Karsh is selling the property to Asha Manikpuri W/o Arun Das Manikpuri As Asha Manikpuri W/o Arun Das Manikpuri wants to avail loan facility from Axis Bank Ltd
Suraj Kumar Karsh S/o Late Ramanand Karsh has purchased the aforesaid property from The Seller Aadarsh Kumari Jaiswal W/o Late Kolai Prasad Jaiswal through the Registered Sale Deed date 01.09.2020. Aadarsh Kumari Jaiswal W/o Late Kolai Prasad Jaiswal has taken the property on lease from CG Housing Board through regd Lease Deed. Deed vide Vol. No 25631, Page no 12 to 24, Deed no 3343 date 11.12.2014
As Lease deed Deed no 3343 date 11.12.2014 has been lost
This is the general public notice regarding loss of previous deed if any bank, financial institution, and other person have objection they can place there objection within 7 days from the newspaper publication afterwards all objection will be null and void.

Regards
Advocate D.K.Bajaj
Mo. 7024053415

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सूरज कुमार कर्ष पिता. स्व. रामानंद कर्ष निवासी खमतराई बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ख. नं. 76/3, 73 ग्राम मंगला, मकान नं. 21/35, रा.नि.मं. बिलासपुर विकासखंड बिल्हा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ (पंडित दीनदयाल आवास योजना मंगला) में निर्मित एलआईजी 310, क्षेत्रफल 899.75 वर्गफुट के स्वामी हैं। यह संपत्ति आशा मानिकपुरी पति अरुण दास मानिकपुरी को बेच रहे हैं, क्योंकि आशा मानिकपुरी पति अरुण दास मानिकपुरी एक्सिस बैंक लिमिटेड से ऋण लेना चाहती हैं।

सूरज कुमार कर्ष, पिता स्व. रामानन्द कर्ष ने विक्रेता आदर्श कुमारी जायसवाल, पति स्व. कोलाई प्रसाद जायसवाल से दिनांक 01.09.2020 के पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति खरीदी है। आदर्श कुमारी जायसवाल, पति स्व. कोलाई प्रसाद जायसवाल ने पंजीकृत पट्टा विलेख के माध्यम से छत्तीसगढ़ आवास बोर्ड से संपत्ति पट्टे पर ली थी। विलेख संख्या 25631, पृष्ठ संख्या 12 से 24, विलेख संख्या 3343, दिनांक 11.12.2014 चूंकि विलेख संख्या 3343 दिनांक 11.12.2014 खो गया है।

यह पूर्व विलेख के खो जाने के संबंध में आम जनता के लिए सूचना है। यदि किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वे समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं, जिसके बाद सभी आपत्तियां अमान्य हो जाएंगी।

**भवदीय**
**अधिवक्ता डी.के. बजाज**
**मो. 7024053415**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.**

विष्णु प्रसाद पाल आत्मज स्व पंचनराम + 06 अन्य, निवासी ग्राम विजयपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग..... पुनरीक्षणकर्तागण

**विरूद्ध**

संतराम आत्मज फत्ते गड़रिया, निवासी ग्राम विजयपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग..... उत्तरवादी

रा.प्र.क्र. 202509071900001/अ-6
पेशी दिनॉक 20.03.2026

प्रकरण में पुनरीक्षणकर्तागण विष्णु प्रसाद पाल आत्मज स्व पंचनराम+06 अन्य निवासी ग्राम विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के प्रकरण क्रमांक 20250507093056/अ-6/ 2024-25 पक्षकार संतराम बनाम विष्णु प्रसाद पाल में पारित आदेश दिनॉक 21.07.2025 से क्षुब्ध होकर छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के अधीन पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई दिनॉक 20.03.2026 को नियत है।

अतः उत्तरवादी संतराम आत्मज फत्ते गड़रिया निवासी ग्राम विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 20.03.2026 को समय 3:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनॉंक 18 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर,**
**बिलासपुर छ.ग.**

क्रमांक 177/ तकनीकी/क्षे.प.अ./2026
बिलासपुर दिनांक 23/2/2026

**प्रारूप-37**
[नियम-61(3)]

वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।

रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग.
सं- .........तारीख /..../2025

नाम M/S Krishna Industries पता- Main Road Jairam Nagar को यह सूचित किया जाता है कि Indusind Bank Ltd. वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसकार जिस्ट्रीकरण सं. CG10BP5019 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये है।
उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रति, वित्त पोषक Indusind Bank Ltd. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2026
बिलासपुर, दिनांक 24.02.2026

श्री डेविड कुमार आत्मज श्री रामचंद कश्यप उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बसहा थाना सीपत तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी काजल कश्यप आत्मजा श्री ओम प्रकाश कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गिधौरी थाना रतनपुर तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 06.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


डेविड कुमार


काजल कश्यप

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### रानी महिला मोर्चा जिला मंत्री, दीपिका बनीं महामंत्री

**सरगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय के



मार्गदर्शन में संगठन स्तर पर भाजपा के कई पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसी क्रम में भाजपा मुंगेली के जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी की गई, जिसमें रानी रामकिशुन जायसवाल को महिला मोर्चा जिला मंत्री और दीपिका चन्द्रशेखर कौशिक को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। वर्तमान में दीपिका जपं उपाध्यक्ष पथरिया के पद पर निर्वाचित हैं।

### दिवंगत पंचायत सचिव के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत पंचायत सचिव स्व शिवशंकर पटेल की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके पुत्र देवधर पटेल को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान की। जिला पंचायत की ओर से जारी आदेश के अनुसार पंचायत सचिव स्व शिवशंकर पटेल की शासकीय सेवा के दौरान आकस्मिक निधन होने पर उनके पुत्र देवधर पटेल ने अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया गया था। जिस पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा एवं शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पंचायत सचिव के पद हेतु चयनित किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे के घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा



**मुंगेली।** जिले में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को अब तत्काल और कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री राहत योजना का शुभारंभ जिले में किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में इस योजना को लागू किया जा रहा है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' यानी दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1.50 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है।

### ब्राउन शुगर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**तखतपुर।** नशे के सौदागरों को पुलिस ने गिरफ्तार



कर जेल भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से 75 हजार नकद सहित 5 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि, कुछ युवक नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर बेचने के लिए नया बस स्टैंड के पास घूमकर ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी दुर्गेश गायकवाड़ पिता अर्जून गायकवाड़, अप्पू देवांगन पिता राजू देवांगन को हिरासत में लेकर तलाशी ली एवं 75 हजार रूपए नकद सहित 5 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से खिलाफ धारा 21ए, 22ए तथा एनडीपीएस एक्ट 29 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### व्यवहार न्यायालय का महिला सम्मान समारोह



**तखतपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी बिलासपुर के निर्देशन में व्यवहार न्यायालय तखतपुर की ओर से महिला दिवस सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की उन कर्मठ महिलाओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने अपने संघर्ष और प्रतिभा से एक नई मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा समिति तखतपुर की अध्यक्ष ऋचा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने के लिए प्रेरित किया। व्यवहार न्यायालय में कार्यरत महिला कर्मचारी कविता उडिया, प्रतिलिपिकार एवं अन्य महिला कर्मचारी का सम्मान व्यवहार न्यायालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की ओर से किया गया।

---

कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

# निजी अस्पताल ने इलाज के नाम पर लिए अधिक पैसे, जांच टीम देगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों मुंगेली, पथरिया और लोरमी से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक अपनी समस्याएं और मांगों को लेकर पहुंचे।

कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक से उनकी समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी और विभागवार अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम ढबहा के विनोद ने शिकायत करते हुए बताया कि, निजी चिल्ड्रन हास्पिटल द्वारा उनके नवजात बच्चे के इलाज के नाम बड़ी राशि ली गई, लेकिन बच्चा के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि, मात्र 6 दिनों में ईलाज के नाम पर 1 लाख 14 हजार रूपए की राशि ली गई। साथ ही 80 हजार रूपए आयुष्मान कार्ड से लिया गया। इस पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए एसडीएम, तहसीलदार, सीएमएचओ और डीपीएम सहित अन्य



ग्रामीणों की समस्या सुनते कलेक्टर।

अधिकारियों की टीम गठित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों से धोखाधड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह ग्राम घोरपुरा के सुरेन्द्र सिंह ने आरआई व पटवारी के खिलाफ जमीन का सीमांकन नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम मोहभट्टा के प्रियंका गंधर्व ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, कबीर वार्ड के महेन्द्र भारती ने त्रुटि सुधार कर बी-1 आनलाइन कराने, ग्राम लालपुर थाना के रामगोपाल जायसवाल ने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम अमलडीही के बबलू भास्कर ने श्रम कार्ड में अपनी परिजनों का नाम जोड़ने, नगर पंचायत बरेला के बेनीराम धुरी ने अपनी मृत पुत्र का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने, मजगांवपारा के साहिल पीटर ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम सेमरिया के श्रवण राजपूत ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन दिलाने, ग्राम सुरही के बिमलेश ने आवासीय पट्टा दिलाने, ग्राम गंधीरवाडीह के ग्रामीणों ने नाली व रोड निर्माण कराने, ग्राम सेमरिया के पीयूष सिंह ने अंकसूची के अनुसार आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार कराने, ग्राम भटगांव के भरतलाल साहू ने नवीन आधार कार्ड बनवाने, ग्राम झझपुरीकला के मिल्लूराम साहू ने अपनी मृत पत्नी के बैंक खाता का रूपया नामिनी को दिलाने, ग्राम लालपुर थाना की करीना कुर्रे ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने कहा कि, शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान बंद स्कूल।

# डीईओ के निरीक्षण में बंद मिले स्कूल

### अनुशासनहीनता पर दिखाई सख्ती, कार्रवाई के निर्देश

**मुंगेली।** जिले में शासकीय विद्यालयों की कार्यप्रणाली एवं शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने सतत निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने विकासखंड मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला की किंगरियापारा तथा शासकीय प्राथमिक शाला झिटकनिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सुबह लगभग 10 बजे तक शासकीय प्राथमिक शाला की किंगरियापारा में विद्यालय परिसर तालाबंद पाया गया तथा कोई भी शिक्षक या स्टाफ उपस्थित नहीं मिला। इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला झिटकनिया के निरीक्षण में शिक्षक एसएस बघेल एवं शिक्षिका एस चंद्राकर बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय के निर्धारित समय तक बंद रहने तथा बिना अनुमति अनुपस्थित रहने को गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिपं सीईओ ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**मुंगेली।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से योजनावार प्रगति की जानकारी ली तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री पांडेय ने मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही प्रधानमंत्री



आवास योजना के तहत अपूर्ण आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की गतिविधियों को गति देने कहा। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। बैठक में संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ पांडेय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएं, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने देखी विस की कार्यवाही

**तखतपुर।** किसान मोर्चा बिलासपुर के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखी एवं जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। विधानसभा सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बिलासपुर के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत के नेतृत्व में विधानसभा भवन पहुंचकर विधानसभा सत्र की कार्यवाही करीब से देखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन की भव्यता और सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना की। जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा देश की सबसे सुंदर और भव्य विधानसभाओं में से एक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी



और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के सुशासन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जागरूक जनता लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था विधानसभा की कार्यवाही को देखने और समझने के लिए लगातार रुचि ले रही है, जो लोकतंत्र की मजबूती का परिचायक है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर प्रदेश के विकास एवं किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। इस दौरान जिला किसान मोर्चा के पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव, जिला महामंत्री दिनेश कौशिक, जिला मंत्री धर्मेंद्र चंद्राकर, राजकमल साहू, शिव कोरी, राकेश भोसले, योगेश्वर कौशिक, जी अनंत, सुरेश तिवारी, श्रीकांत सोनी, विनोद श्रीवास सहित किसान मोर्चा के जिला एवं मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खरगहना में संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

**सकरी।** संकुल केंद्र खरगहना अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल खरगहना में संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शालेय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, विद्यार्थी परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें, और भयमुक्त हो कर परीक्षा की तैयारी करें। आप अपने भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करें और अपने गांव, समाज, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। समारोह की अध्यक्ष जिला पंचायत सभापति भारती नीरज माली ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, ये जिले का एक मात्र संकुल है, जहां सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित हो रहा हैं। ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थी



प्रोत्साहित होते हैं। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि, संकुल स्तर पर आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ साथ शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यालय से पालकों को जोड़ने के लिए शाला प्रबंधन की तारीफ की। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामेश बैरागी, संकुल प्रभारी मंजू एक्का, संकुल समन्वयक राहुल देव भास्कर, भाजपा नेता देवीलाल साहू, राजकमल साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनबोध मेहर सरपंच, राधेलाल ध्रुव शाला विकास समिति अध्यक्ष, नरेन्द्र साहू, बद्रीप्रसाद मेश्राम, साधराम ध्रुव, रश्मि कोसले, सुरेश यादव, अरुण सराफ, मानसिंह निर्मलकर, महेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं,पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेडिकल एजेंसी से कफ सिरप की चोरी नाबालिग सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मेडिकल एजेंसी में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग सहित हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीआई अखिलेश वैष्णव ने बताया कि, नगर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी मुकेश कुमार कश्यप ने थाने में आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराई कि, नया बस स्टैंड लोरमी में उनकी मेडिकल एजेंसी है। 5 मार्च की सुबह लगभग 9 बजे वे रोज की तरह अपनी मेडिकल दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर उन्होंने पाया कि, दुकान में रखी 96 नग कफ सिरप से भरी एक कार्टून गायब थी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई एवं फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान रिंकु कश्यप उम्र 20 वर्ष निवासी कंकालीन पारा एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी रिंकु कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने उक्त बालक के साथ मिलकर मेडिकल एजेंसी से कफ सिरप चोरी करना



स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी के 96 नग कफ सिरप बरामद कर आरोपी रिंकु कश्यप पिता विजेन्द्र कश्यप उम्र 20 वर्ष निवासी कंकालीन पारा को 9 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। वहीं घटना में शामिल विधि से संघर्षरत बालक का सामाजिक पारिवारिक पृष्ठभुमि भरकर किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार आरोपी रिंकु कश्यप लोरमी थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी रिंकु व अपचारी बालक पूर्व में हुई हत्या के आरोपी हैं। जमानत मिलने के बाद दोनों ने नशा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# नवरात्रि को लेकर दुर्गा देवी मंदिर ट्रस्ट की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

चैत्र नवरात्रि को लेकर श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर की बैठक रविवार 8 मार्च को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम देवेंद्र सिरमौर ने की। बैठक में ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए एवं बासंतीय चैत्र नवरात्रि धूमधाम से मनाने तथा मंदिर निर्माण व मंदिर परिसर के विकास पर विस्तार से चर्चा हुई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष एसडीएम मरवाही देवेंद्र सिरमौर ने सभी ग्रामीणों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों से कहा कि, बसंती क्षेत्र नवरात्रि महोत्सव शांति और सद्भाव के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने नवरात्रि के दौरान स्वास्थ्य, पेयजल, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि, मनोकामना ज्योति कलश जलाने के इच्छुक श्रद्धालु धनपुर मंदिर प्रबंधन से मिलकर मनोकामना ज्योति कलश की राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। घृत ज्योति कलश 2 हजार 100, तेल ज्योति कलश 1 हजार 100







तथा जवारा कलश हेतु 200 की राशि निर्धारित की गई है। इस दौरान एसडीम ने बैठक में सभी पदाधिकारी से एक-एक करके मंदिर व्यवस्था सुदृढ़ बनाने आवश्यक सुझाव मांगे। साथ ही नवरात्रि महोत्सव प्रबंधन के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों की अलग-अलग समिति बनाई। मंदिर के कोष एवं लेखा तथा प्रबंधन की जवाबदारी सुरेश पांडे कोषाध्यक्ष को दी गई। चैत्र नवरात्रि के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार 19 मार्च को माता जी का आह्वान पूजन, पीठ पूजन, मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन, दुर्गा सप्तशती का पाठ, रोजाना सुबह-शाम माता जी की आरती, प्रसाद वितरण किया जाएगा। दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन व कन्या भोजन एवं दुर्गा नवमीं को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद हवन बलिदान, विसर्जन व नवरात्रि व्रत पारायण किया जाएगा। बैठक में मंदिर के लंबित निर्माण कार्य को शुरू करने पर भी चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया कि, नवरात्रि के तुरंत बाद कार्य आरंभ किया जाएगा।

इस अवसर पर श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष आनंद जायसवाल वरिष्ठ सदस्य रामनिवास तिवारी, गुलाब वाकरे, भागवत सिंह मार्को, गणेश पांडे, भारत सिंह श्याम, फलपाल सिंह पुषाम, वेद प्रकाश पांडे, भूपत सिंह, रामायण सिंह, गोविंद सिंह जी, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, रुद्र प्रसाद तिवारी, शशिकांत पांडे, अक्षय नामदेव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### मुकेशचंद घई

**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी मुकेशचंद घई का 10 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान सिम्स हॉस्पिटल मेन गेट के सामने गोंडपारा से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विशाल घई (रिंकू) अमित घई के पिता थे।



### बजरंग अग्रवाल

**बिलासपुर।** रामावैली रायपुर रोड निवासी आर-6, 46 निवासी बजरंग अग्रवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय अग्रवाल के भाई एवं जगदीश अग्रवाल के पिता थे।



### ऐना बाई कुंभकार

**लखराम।** लखराम निवासी ऐना बाई कुंभकार का मंगलवर 10 मार्च की सुबह 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार लखराम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अम्बिका बाई, मनहरण लाल, विष्णु कुंभकार की माता जी थीं। समाचार के साथ सुरेश गुप्ता की तस्वीर संलग्न है।



### सुरेश गुप्ता

**तखतपुर।** नया बस स्टैंड निवासी एवं भारतीय होटल मंडी चौक के संचालक सुरेश गुप्ता का 40 वर्ष की आयु में 10 मार्च को निधन हो गया। वे सुनील, सुधीर सतीश गुप्ता के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



### केडी दीवान

**मुंगेली।** ग्राम सुरीघाट निवासी सेवानिवृत्त ब्रांच मैनेजर केडी दीवान का उम्र 90 वर्ष की आयु में 9 मार्च सोमवार को निधन हो गया। वे ईश्वर, अजय, भारती नीलू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिवारजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए किया जाएगा सकारात्मक प्रयास

# तहसील अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

तहसील परिसर मस्तूरी में मंगलवार को तहसील अधिवक्ता संघ मस्तूरी व पचपेड़ी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य चंद्र प्रकाश जांगड़े, अनिल सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शिवकुमार कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, सभापति जिला पंचायत चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे, दामोदर कांत, सचिव प्रदेश कांग्रेस अशोक राजवाल, मस्तूरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू त्रिपाठी सहित अंचल के अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

अधिवक्ता दिनेश पाटिल, दिलीप शर्मा, गोपाल अकेला, रमेश सिंह आदि अधिवक्ताओं ने पुष्पहार से अतिथियों को स्वागत किया। छत्तीसगढ़





राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य चंद्रप्रकाश जांगड़े ने अध्यक्ष दिलीप शर्मा, उपाध्यक्ष गोपाल अकेला, सचिव सुखसागर सोनवानी, सह सचिव प्रहलाद साहू, कोषाध्यक्ष पुरषोत्तम सांडेय, ग्रन्थालय सचिव देवेंद्र कुमार राय, क्रीड़ा सचिव भरत लाल अंचल, मीडिया प्रभारी मनीष भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल भारद्वाज, कृष्ण कुमार पटवर्धन, संदीप मिश्रा, संजीव खरे, लखन लाल केवट एवं शिवकुमार केवट को निष्ठापूर्वक कर्तव्यों के निर्वाह की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ ने मुख्य रूप से तहसील परिसर में बुनियादी सुविधाओं के अभाव तथा मस्तूरी में व्यवहार न्यायालय की स्थापना की आवश्यकता एवं उसके लिए सकारात्मक प्रयासों की चर्चा की गई। उपाध्यक्ष गोपाल अकेला ने अतिथियों के सम्मान में छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया। राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य चंद्रप्रकाश जांगड़े तथा अनिल सिंह चौहान ने अधिवक्ताओं के हित में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने एवं मस्तूरी में व्यवहार न्यायालय की स्थापना के लिए उचित मार्गदर्शन के साथ सकारात्मक प्रयास का वादा किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने तहसील परिसर की समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग का संकल्प लेते हुए संघ के पदाधिकारियों के हाथों सहयोग राशि का लिफाफा सौंपा, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत एवं सतकली बावरे ने अधिवक्ता संघ को सभी समस्याओं के समाधान में सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अधिवक्ता संघ के संरक्षक राजकिशोर पांडे ने किया।

## खबर संक्षेप

### आज होगा जब्त मादक पदार्थ का नष्टीकरण

**बिलासपुर।** पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को कोनी रमतला स्थित सुधाएग्रो फैक्ट्री में जब्त मादक पदार्थों को जलाकर नष्टीकरण किया जाएगा। मंगलवार को जिले के सभी थानों के मालखाने में जब्त गांजा, नशीले पदार्थ को नष्ट करने संबंधी रिकार्ड तैयार कर लिया गया है।

### प्रोजेक्टर में मैच देखने के दौरान बाइक चोरी

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गणेशनगर



चुचुहियापारा निवासी अमित कुमार जाडे 8 मार्च को एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीडी, 0902 से मिनोचा कालोनी के पास प्रोजेक्टर में मैच देखने गए थे। एक इनिंग खत्म होने पर रात 8.30 बजे घर जाने के लिए देखे तो सड़क किनारे से उनकी एक्टिवा चोरी हो गई थी।

### रिटायर्ड एसडीओ से लूट नहीं पकड़े गए लुटेरे

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नागदौने कालोनी निवासी रिटायर्ड सिंचाई विभाग एसडीओ गंगा प्रसाद टण्डन 9 मार्च को शाम के समय घर से टहलने के लिए निकले थे। शाम 7 बजे महाराणाप्रताप चौक के पास एक्टिवा सवार 3 लोग आए और बलपूर्वक उनकी जेब से 14 हजार की मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है।

### दो गुट भिड़े, चाकू मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जेल परिसर में मुलाकात के दौरान दो गुटों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष ने रिपोर्ट वापस नहीं लेने पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी अंकुश यादव पिता सुरेश यादव 21 साल साथियों के साथ केन्द्रीय जेल में बंद रिश्तेदार से मिलने के लिए गए। मुलाकात के दौरान काउंटर के पास इस्माइल खान, इमरान खान, अनिकेत व अन्य लोग आए और उन्हें पुराना केस वापस लेने को कहा। मना करने पर गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष महिमा नगर निवासी मो इमरान पिता मो इकबाल खान ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने रिश्तेदार बंदी से मिलने जेल गए थे। इसी दौरान अंकुश यादव, राहुल गोस्वामी, लक्ष्य गोस्वामी व अन्य चेहरे में गमछा लगाकर उनके पास आए उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 4 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते है। डीईओ ने बताया कि कोटा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला कन्या रतनपुर में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. राजेश कुमार दुबे के के पुत्र गौरव कुमार दुबे ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

**शहर सहित आउटरों में जगह चयनित** | **बारिश के पानी को बचाने के दिशा में कदम, प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया**

# रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की तर्ज पर 20 स्थानों पर बनेंगे इंजेक्शन वेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस तरह भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनाया जाता है उसी तर्ज पर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 20 जगहों पर इंजेक्शन वेल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शहर समेत आउटरों में भी स्थानों का चयन कर लिया गया है। इंजेक्शन वेल के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

इंजेक्शन वेल में बारिश के पानी को फिल्टर करके जमीन के भीतर पहुंचाया जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन शहरी के तहत नगर निगम ने बारिश के पानी को बचाने के लिए व भू-जल स्तर को गिरने से रोकने के लिए इंजेक्शन वेल बनाने की योजना लाई है। नगर निगम ने 20 स्थानों पर इंजेक्शन वेल बनाने की योजना बनाई है, जिसके लिए स्थानों का चयन भी कर लिया गया है। इसमें शहर भीतर सहित शहर के आउटर वाले निगम एरिया में भी इंजेक्शन वेल निर्माण



कराया जाना है। नगर निगम द्वारा सभी जोन कार्यालयों से इसके लिए सर्वे करके रिपोर्ट देने कहा गया था जिसपर जोन कमिश्नरों की ओर से सर्वे रिपोर्ट दे दी गई है जिसके आधार पर जगह का चयन किया गया है। इसमें शहर में 11 जगहों पर एवं आउटर में 9 जगहों पर इंजेक्शन वेल बनाया जाना है।

### इन स्थानों पर बनाया जाएगा इंजेक्शन वेल

नगर निगम द्वारा अपने सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंजेक्शन वेल के लिए जिन 20 स्थानों का चयन किया गया है। उनमें नगर निगम पेट्रोल पंप के सामने मुंगेलीनाका ग्राउंड, देवकीनंदन कन्या शाला का ग्राउंड, छत्तीसगढ़ स्कूल का ग्राउंड, बृहस्पतिबाजार के पास, शासकीय जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज ग्राउंड, शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास ग्राउंड, वार्ड नंबर 24 भारतीयनगर पानी टंकी के पास व त्रिवेणी भवन के पास, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रागंण गोड़पारा, जोन क्रमांक 5 कार्यालय परिसर, वार्ड क्रमांक 46 अनवर बक्शी मार्ग और वार्ड क्रमांक 47 डॉ. बीआर अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के पास जगह का चयन किया गया है। इसी तरह शहर के आउटर एरिया में सकरी बचनबाई स्कूल , जोन कार्यालय प्रांगण सकरी, वार्ड क्रमांक 11 वार्ड कार्यालय सिरगिट्टी के पास, वार्ड क्रमांक 5 बाजार चौक शनि मंदिर व्यावसायिक परिसर के पास, जोन क्रमांक 43 बूटापारा स्कूल के पास, जोन क्रमांक 42 देवरीखुर्द डबरी तालाब, वार्ड क्रमांक 49 बहतराई मुक्तिधाम के पीछे, सिटी बस डिपो कोनी और हाईस्कूल के पास का स्थान शामिल हैं।

### इंजेक्शन वेल के निर्माण में 1.24 करोड़ रुपए लागत

नगर निगम द्वारा जो प्राक्लन तैयार किया गया है उसके अनुसार प्रत्येक इंजेक्शन वेल में 6.22 लाख रुपए लागत आएगा। इस तरह से 20 जगहों पर इंजेक्टशन वेल बनाने में लगभग 1.24 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए नगर निगम की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। शासन से प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलते ही इंजेक्शन वेल निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### एडवांस सिस्टम है

इंजेक्शन वेल एक तरह से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का एडवांस सिस्टम है। इसमें बारिश के पानी को बचाने और भू-जल स्तर को गिरने से रोकने के लिए बारिश के पानी को फिल्टर करके जमीन के 70-80 फीट नीचे पहुंचाया जाता है। जगह का चयन कर लिया गया है और शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

**-अनुपम तिवारी,** प्रभारी
जल विभाग नगर निगम

## सहकारी बैंक और कम्पोजिट बिल्डिंग में अव्यवस्थित पार्किंग







**बिलासपुर।** जिला सहकारी बैंक और कम्पोजिट बिल्डिंग में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिसके कारण लोग भी काफी परेशान होते हैं।

जिला सहकारी बैंक से लेकर तहसील कार्यालय में प्रतिदिन लोगों की काफी भीड़ लगती है। तहसील कार्यालय में जब से पार्किंग का ठेका दिया गया है, तब से लोग अपने वाहनों को इधर-उधर खड़े कर देते हैं। सबसे अधिक गाड़ियां जिला सहकारी बैंक के पास दिखाई देती है। इसी तरह का हाल कम्पोजिट बिल्डिंग का भी हो गया है। यहां रजिस्ट्री कार्यालय के अलावा अन्य विभागीय कार्यालय बने हुए हैं। रजिस्ट्री कार्यालय, शिक्षा विभाग और अन्य विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा अन्य लोगों के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मल्टी लेवल पार्किंग भी बनाया गया है, ताकि कलेक्टोरेट सहित अन्य स्थानों पर रखी गाड़ियों की पार्किंग हो सके। मल्टी लेवल पार्किंग के बजाय लोग अपने वाहनो को कम्पोजिट बिल्डिंग, टाउन हॉल से लेकर पीडब्लूडी वाली सड़क के सामने खड़े करते हैं। इसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं ट्रैफिक विभाग को इसकी जानकारी भी रहती है, लेकिन उनकी ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

### ब्लैकमेलिंगः महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बर्थडे पार्टी में आए युवक व उसकी महिला मित्र को रूम देकर महिला ने अश्लील वीडियो बना लिया, फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख



रुपए मांग करने लगी। इस मामले में फरार महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 1 फरवरी को पचपेड़ी केंवतरा आवासपारा निवासी नोहर कुमार सूर्यवंशी पिता हरीराम सूर्यवंशी अपनी महिला मित्र के साथ धुर्वाकारी निवासी रोशनी खुंटे के बेटे के बथर्ड पार्टी में उनके घर गए थे। रोशनी खुंटे ने अपने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर भेज दिया। उसके बाद वह नोहर कुमार को उसकी महिला मित्र के साथ संबंध बना लो कहकर अपने बेडरूम में ले गई। भरोसा करके नोहर कुमार ने अपने महिला मित्र के साथ संबंध बनाया। बाद में महिला ने उसकी व महिला मित्र का अश्लील वीडियो बनाकर उसका स्क्रीन शाट भेजा, फिर पूरा वीडियो बना लेने की बात कहते हुए 1 लाख रुपए की मांग की, रुपए नहीं देने पर वीडियो वायरल कर देने की धमकी भी दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रोशनी खुंटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने फरार आरोपी राशेनी खुंटे पति करन खुंटे 28 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### छात्रा से छेड़खानी, शिक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दही लेने के बहाने घर जाकर मासूम छात्रा से छेड़खानी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जांजगीर पामगढ़ सिर्री निवासी रोहित पटेल पिता उमेंद्र राम पटेल 50 साल पचपेड़ी क्षेत्र के शासकीय स्कूल में शिक्षक है। सोमवार को उनके स्कूल में पढ़ने वाली एक 14 वर्षीय छात्रा घर में अकेले थी। उनके घरवाले बाहर गए थे। मौका पाकर शिक्षक दही लेने के बहाने उनके घर गया और मौके का फायदा उठाकर छात्रा के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर शिक्षक उनके घर से भाग गया। शाम को परिजन घर आए तो छात्रा ने घटना की जानकारी उन्हें दी। रात में परिजन थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने शिक्षक रोहित पटेल को गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ेंगे 146 हरे-भरे पेड़

## लालखदान से दर्रीघाट तक वन विभाग करेगा काम, पीडब्लूडी ने जमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण के नाम पर सैकड़ों की संख्या में हरे-भरे पेड़ों में कुल्हाड़ी चलाकर काटा जाएगा। इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग ने वन विभाग के पास राशि जमा कर दी है, जिसपर वन विभाग जल्द ही काम की शुरुआत करेगी।

तोरवा गुरुनानक चौक से लेकर लालखदान के बीच रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करने के उपरांत महमंद और लालखदान से लेकर जांजगीर-चांपा और रायगढ़ की ओर जाने वाली सड़क का हाल अभी भी बेहाल है। लालखदान रोड ओवरब्रिज के बाद सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग ने शुरु कर दिया है, जिसके कारण सड़क पर कदम-कदम पर गड्ढे.और धूल के कारण लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लालखदान से लेकर दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण का कार्य कई दिनों से पेंडिंग में पड़ा हुआ है। लोक निर्माण विभाग नें सड़क निर्माण कार्य में सर्वे का काम भी पूरा कर लिया है। इस सर्वे में सड़क चौड़ीकरण करने दोनों ओर लगे हरे-भरे पेड़ बाधा बन रहे हैं, जिसकी संख्या करीब 146 से अधिक है। वर्तमान में यह हरे-भरे पेड़ भीषण गर्मी में लोगों को राहत भी प्रदान कर रहे हैं। वहीं गर्मी के मौसम में पेड़ों की छांव में बैठकर लोग घंटो समय भी बीता रहे हैं। जानकारी के अनुसार लालखदान से दर्रीघाट तक की सड़क के चौड़ीकरण यानि फोरलेन परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई भी की जानी है, जिसमें काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या 146 है। इस परियोजना पर तेजी से काम शुरु कर दिया गया है, जिसके लिए पेड़ों को काटने की अनुमति वन विभाग से ली गई है।



### 15 लाख रुपए जमा

विभागीय जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग ने लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण यानि फोरलेन निर्माण कार्य के लिए सर्वे का कार्य पूरा करने के बाद वन विभाग को पत्र लिखकर 146 पेड़ों को काटने के अलावा परिवहन के लिए कहा है, जिसके लिए 14.70 लाख रुपए से अधिक की राशि विभाग को जमा कर दी गई है। सर्वे के बाद निर्माण की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।

### भीषण गर्मी में परेशानी

शहर के साथ आसपास के क्षेत्र में लगाए गए हरे-भरे पेड़ अब सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इसकी वजह से गर्मी के मौसम में सबसे अधिक परेशान लोगों को होना पड़ रहा है। पेड़ पौधों के नहीं होने से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। अब 146 हरे-भरे पेड़ों पर लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण करने के लिए कुल्हाड़ी चलाई जाएगी, जिससे चार माह में पड़ने वाली गर्मी के दौरान लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### अन्य विभाग को पत्र

लोक निर्माण विभाग की ओर से वन विभाग को 146 पेड़ों की कटाई के लिए पत्र लिखा गया है, जो लालखदान से दर्रीघाट के बीच काटा जाएगा। इस कार्य को करने से पहले ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एसपी को और पेड़ों के बीच में आने वाले बिजली तार को हटाने के लिए विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित को पत्र लिखा गया है। इसके बाद ही आगे का काम शुरु किया जाएगा।

**-शुभम मिश्रा,** रेंजर
वन मंडल बिलासपुर

# हाइवा से कुचलकर महिला की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी घर से देव पूजा भ्रमण में जा रही महिला को हाइवा के चालक ने चपेट में ले लिया। चक्के के नीचे आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। तहसीलदार के द्वारा सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया कि मझवानी निवासी हरिराम सिंह सरटिया की मां जमुना बाई ग्राम रतखण्डी नर्मद सिंह पोर्ते के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। 10 मार्च की दोपहर 1.20 बजे वे रिश्तेदारों के साथ शादी घर से देव पूजा भ्रमण करने पैदल जा रही थीं। वे रतखण्डी मेन रोड किशन किराना दुकान के पास पहुंची थीं। इसी दौरान कोटा की ओर से जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 11 एबी, 0618 के चालक ने जमुना बाई को चपेट में ले लिया। पिछले चक्के के नीचे आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हाइसे के बाद चालक गाड़ी छोड़ भाग गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। सूचना मिलते ही बेलगहना, रतनपुर तहसीलदार, बेलगहना चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। तहसीलदार के द्वारा ग्रामीणों को समझाइस देकर शांत कराने का प्रयास किया गया, किन्तु ग्रामीण सहायता राशि की मांग पर अड़े रहे। तहसीलदार के द्वारा 25 हजार रुपए सहायता राशि परिजन को दिया गया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ है। पुलिस ने बेटा हरिराम सरटिया की रिपोर्ट पर हाइवा जब्त कर फरार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



चक्काजाम करते आक्रोशित ग्रामीण।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# चार दिन में टिकिट दलाली करने वाले सात दलाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने टिकिट दलालों के खिलाफ अभियान चलाकर पिछले चार दिन के अंदर सात टिकिट दलालों को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

जोन मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार त्यौहारी सीजन, गर्मी की छुट्टियों तथा वैवाहिक सीजन के दौरान यात्रियों की संख्या अधिक हो जाती है। इसकी वजह से कई लोगों को कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल होता है। ट्रेन तिथि तक वेटिंग टिकिट के कंफर्म नहीं होने के कारण लोगों को अपनी टिकिट रिफंड करनी पड़ती है, जिसके कारण उन्हें अपना सफर भी केंसिल करना पड़ जाता है। कई लोग कंफर्म टिकिट नहीं मिलने और आवश्यक होने की वजह से टिकिट दलालों का सहारा भी लेते हैं। लोगों की मजबूरी को देखते हुए टिकिट दलाल यात्रियों से अतिरिक्त राशि लेकर टिकिट की बिक्री करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल कर टिकिट का अवैध व्यापार दलाल करते हैं। बिलासपुर जोन रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुन्नवर खुर्शीद के आदेश पर तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में आपरेशन उपलब्ध के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आरपीएफ की टीम ने चार दिन के दौरान सात टिकिट दलालों को पकड़ा है। इसमें टिकिट दलाल संतोष काकुड़िया के आनलाइन सर्विसेज में जांच कर पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए 10 पुरानी आरक्षित टिकिट, राहुल कुमार विश्वकर्मा के विश्वकर्मा एमपी आनलाइन के लैपटॉप से पर्सनल आईडी से बनाए 9 आरक्षित टिकिट, मोहम्मद शमीम के आनलाइन सेंटर में जांच करते हुए तीन लाइन आरक्षित ई-टिकिट, चार पुराने ई-टिकिट, रोहन मेहर के पास 14 पुरानी टिकिट टिकिट और एक मोबाइल फोन टिकिट, एक अज्ञात व्यक्ति से 14 ई-टिकिट जब्त की गई। वहीं तनमय जैन के यहां छापामार कार्रवाई में जानकारी मिली कि वह आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट न होकर पर्सनल आईडी से टिकिट बनाकर यात्रियों से अतिरिक्त राशि वसूल करता था, जिसके पास से 2 भविष्य ई-टिकिट, 33 पुरानी ई-टिकिट, एक लैपटाप सहित अन्य सामान के अलावा अजय कावड़े के यहां कार्रवाई करते हुए 15 तत्काल व प्रीमियम तत्काल टिकिट जब्त करते हुए रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

